1. **निम्नलिखित में से कौन नर प्रजनन तंत्र का भाग नहीं है?**
A. वास डिफरेंस
B. एपिडीडिमिस
C. यूटेरस
D. सैमिनल वेसीकल (C)
***व्याख्या :*** गर्भाशय (यूटेरस) मादा प्रजनन तंत्र का भाग है |

2. **पुरुषों में शुक्रजनन (Spermatogenesis) कहाँ होता है?**
A. स्क्रोटम B. सेमिनिफेरस ट्यूब्यूल्
C. वास डिफरेंस D. एपिडीडिमिस (B)
***व्याख्या :*** शुक्रजनन सेमिनिफेरस ट्यूब्यूल्स में होता है, जो अंडकोश में स्थित हैं।

3. **लीडिग कोशिकाएं कौन-सा हार्मोन स्रावित करती हैं?**
A. एस्ट्रोजन
B. प्रोजेस्टेरोन
C. टेस्टोस्टेरोन
D. एल.एच.. (C)
***व्याख्या :*** लीडिग कोशिकाएं टेस्टोस्टेरोन हार्मोन बनाती हैं जो पुरुष लक्षणों को नियंत्रित करता है।

4. **मानव डिम्बग्रंथि की सबसे बाहरी परत कौन-सी होती है?**
A. ट्यूनिका एलब्युजिनिया
B. जर्मिनल एपिथीलियम
C. फॉलिक्यूलर लेयर
D. जोना पेल्यूसिडा (B)
***व्याख्या :*** जर्मिनल एपिथीलियम डिम्बग्रंथि की सबसे बाहरी परत होती है।

5. **युवावस्था पर एक स्त्री में लगभग कितने प्राथमिक पुटक (Primary follicles) होते हैं?**
A. लगभग 10 लाख
B. लगभग 60,000
C. लगभग 15–20 लाख
D. लगभग 4 लाख (D)
***व्याख्या :*** युवावस्था में स्त्री के अंडाशय में लगभग 4 लाख प्राथमिक पुटक शेष रहते हैं।

6. **अंडाणु को फैलोपियन नलिका में ले जाने में कौन-सी संरचना सहायता करती है?**
A. ग्रीवा B. सिलिया
C. एंडोमेट्रियम D.कॉर्पस ल्यूटियम (B)
***व्याख्या :*** सिलिया, जो इंफंडिबुलम में होती हैं, अंडाणु को नलिका के अंदर ले जाने में सहायता करती हैं।

7. **मानवों में निषेचन कहाँ होता है?**
A. ग्रीवा
B. एंडोमेट्रियम
C. एम्पुली-इस्थमिक जंक्शन
D. डिम्बग्रंथि (C)
***व्याख्या :*** निषेचन एम्पुली-इस्थमिक जंक्शन में होता है जो फैलोपियन नलिका का भाग है।

8. **गर्भावस्था के दौरान एंडोमेट्रियम को बनाए रखने वाला हार्मोन कौन-सा है?**
A. एफ.एस.एच.
B. एस्ट्रोजन
C. एल.एच.
D. प्रोजेस्टेरोन (D)
***व्याख्या :*** प्रोजेस्टेरोन एंडोमेट्रियम को बनाए रखता है जिससे भ्रूण को पोषण मिलता है।

9. **निम्न में से कौन-सी संरचना प्लेसेंटा बनती है?**
A. कॉर्पस ल्यूटियम
B. इनर सेल मास
C. ट्रॉफोब्लास्ट
D. जोना पेल्यूसिडा (C)
***व्याख्या :*** ट्रॉफोब्लास्ट भ्रूण का भाग होता है जो प्लेसेंटा का निर्माण करता है।

10. **कौन-सी झिल्ली भ्रूण को तरल से भरी थैली में सुरक्षा देती है?**
A. कोरियन
B. एलेंटॉइस
C. एम्निओन
D. योक सैक (C)
***व्याख्या :*** एम्निओन सबसे अंदर की झिल्ली होती है जो एम्नियोटिक द्रव से भरी थैली बनाती है और भ्रूण को सुरक्षा देती है।

मिशन ज्ञान पढ़ें: जब चाहें, जहाँ चाहें, जैसे चाहें। 100% FREE! Video COURSES | QUIZ | PDF | TEST SERIES